# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये प्रदेश में चुनाव प्रचार हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अलीगढ़ में जनसभा को किया संबोधित।
- लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये नाम वापसी की प्रक्रिया सम्पन्न। सात मई को होगा मतदान। चौथे चरण के लिये पच्चीस अप्रैल तक दाखिल किये जा सकेंगे नामांकन।
- समाजवादी पार्टी ने प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिये अपने प्रत्याशियों की एक और सूची की जारी। कन्नौज से तेजप्रताप यादव और बलिया से सनातन पाण्डेय को बनाया उम्मीदवार।
- भूटान और तिब्बत सहित तीस देशों के नब्बे अप्रवासी भारतीयों ने अयोध्या में किये श्रीरामलला के दर्शन।
- प्रदेश भर में श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनायी जा रही है हनुमान जयंती।

**********

लोकसभा चुनाव के लिये प्रदेश में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के लिये सम्बन्धित लोकसभा क्षेत्रों में मतदाताओं से मतदान की अपील कर रहे हैं। इसके लिये रैलियों, जनसभाओं और रोड–शो के आयोजन किये जा रहे हैं। घर–घर जाकर मतदान की अपील का सिलसिला भी तेजी से चल रहा है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल अलीगढ़ जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए श्री मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर कई आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नजर देश के लोगों की संपत्ति पर है और वह इसे जब्त कर दूसरे लोगों में बांटना चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी के चुनावी गठबंधन की आलोचना करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनकी मानसिकता कम्युनिस्ट है और वह अपने घोषणापत्र के अनुसार लोगों की संपत्ति का सर्वेक्षण करने जा रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अलीगढ़ और फ़तेहपुर सीकरी में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने फतेहपुर सीकरी में भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के समर्थन में वोट मांगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत को सम्मान मिल रहा है।

अयोध्या में पांच सौ वर्ष बाद रामलला विराजमान हुए हैं और चोधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिला है। उन्होंने कहा कि एक तरफ विरासत का सम्मान हो रहा है तो दूसरी ओर विकास को प्राथमिकता देने का काम किया जा रहा है। वहीं मेरठ में आज भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के समर्थन में रामायण धारावाहिक की सीता दीपिका चिखिलिया और लक्ष्मण सुनील लहरी ने रोड शो किया।

उधर, विपक्षी नेता भी अपने प्रत्याशी के प्रचार में जुटे हुए हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने कल बुलंदशहर जिले में एक राजनीतिक रैली में भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो सिर्फ दिखावा करती है और जुमलेबाजी में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से वास्तविक जमीन पर कोई काम नहीं होता। वहीं उत्तर प्रदेश के कांग्रेस प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने अन्य पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कीं और मथुरा और फतेहपुर सीकरी क्षेत्रों में घर–घर चुनाव प्रचार किया।

**********

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये नाम वापसी की प्रक्रिया कल पूरी हो गयी। तीसरे चरण में दस संसदीय सीटों के लिये नामांकन दाखिल करने की आखिरी तिथि उन्नीस अप्रैल थी। बीस अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की गयी, जिसमें एक सौ चार प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये और अठहत्तर प्रत्याशियों का नामांकन पत्र निरस्त कर दिया गया। तीसरे चरण में प्रदेश की दस संसदीय सीटों–संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, बरेली और आंवला में सात मई को वोट डाले जायेंगे। उधर, चौथे चरण की तेरह लोकसभा सीटों के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी है। कन्नौज लोकसभा सीट पर कल बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार इमरान बिन जफर और गरीब आदमी पार्टी प्रत्याशी श्रीकृष्ण ने नामांकन किया। शाहजहांपुर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजेश कश्यप ने अपना पर्चा दाखिल किया। वहीं बहराइच लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी से रमेश चन्द्र और भारतीय अवाम पार्टी से अरविन्द कुमार ने नामांकन दाखिल किया। चौथे चरण के लिये नामांकन भरने की अंतिम तिथि पच्चीस अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच छब्बीस अप्रैल को होगी, उन्तीस अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि है। इस चरण में शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच में तेरह मई को वोट डाले जायेंगे। सभी चरणों की मतगणना चार जून को होगी।

**********

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश की आठ सीटों पर छब्बीस अप्रैल को मतदान होना है। इसमें बागपत की महत्वपूर्ण सीट भी शामिल है। लंबे समय तक पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के प्रभाव वाली इस सीट के चुनावी समीकरण पर प्रस्तुत है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट–

*बागपत लोकसभा सीट पर 9 लाख 70 हजार 210 मतदाता 26 अप्रैल को 6 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की फैमिली का दबदबा रहा है। बागपत से इस परिवार के सदस्य 9 बार सांसद चुने गए हैं लेकिन पिछले 10 वर्ष से इस सीट पर बीजेपी का कब्जा है। इस बार भाजपा और रालोद गठबंधन के बाद बागपत सीट पर समीकरण बदल गए हैं। गठबंधन के बाद रालोद के हिस्से आयी इस सीट पर रालोद ने डॉ. राजकुमार सांगवान को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है। इस सीट पर सपा ने पहले पुराने कार्यकर्ता मनोज चौधरी को टिकट दिया था, लेकिन भाजपा–रालोद गठबंधन के बाद सपा ने मनोज चौधरी का टिकट काट साहिबाबाद के पूर्व विधायक पंडित अमरपाल सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं बसपा ने प्रवीण बंसल को टिकट दिया है। अमित श्रोतीय, आकाशवाणी समाचार, बागपत।*

**********

समाजवादी पार्टी ने कल लोकसभा चुनाव के लिये प्रदेश के उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की। पार्टी ने कन्नौज लोकसभा सीट से तेज प्रताप यादव और बलिया लोकसभा सीट से सनातन पाण्डेय को उम्मीदवार बनाया है। तेज प्रताप यादव, अखिलेश यादव के भतीजे और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं। कन्नौज लोकसभा सीट को समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है। सपा को उन्नीस सौ अट्ठानबे से दो हजार चौदह तक इस सीट पर लगातार जीत हासिल हुयी थी। दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव यहां भाजपा के सुब्रत पाठक से चुनाव हार गई थीं।

**********

तीस देशों के नब्बे अप्रवासी भारतीयों के प्रतिनिधिमंडल समेत चार सौ से अधिक राम भक्तों के समूह ने कल अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन पूजन किये। प्रतिनिधिमंडल में भूटान और तिब्बत के राजदूत और स्पीकर भी शामिल रहे। सभी ने पहले हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन किया और इसके बाद सरयू आरती में भी हिस्सा लिया। इस दौरान समूह के सदस्यों का अलग–अलग भाषा में जय श्रीराम का उद्घोष सभी के लिये आकर्षण का केंद्र रहा।

इस अवसर पर भूटान के स्पीकर ने कहा कि हम बुद्धिस्ट हैं लेकिन बुद्धिस्ट और हिंदुइज्म एक दूसरे में समाहित हैं। हम सभी रामलला के प्रति श्रद्धा रखते हैं और हमने भारत से शांति और सौहार्द आधारित मजबूत रिश्ते के लिए रामलला से आशीर्वाद मांगा है।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित कई जिलों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया है। गर्मी के चलते लोगों का जन–जीवन प्रभावित होने लगा है। मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, इलाहाबाद, आजमगढ़, मऊ और गोरखपुर समेत पच्चीस जिलों के लिये उष्ण लहर का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले तीन दिनों के दौरान तेज गर्म हवा चलेगी। अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि दर्ज किये जाने की संभावना है।

**********

प्रदेश भर में आज हनुमान जयंती श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के माहौल में मनायी जा रही है। श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में जाकर श्रीहनुमान जी का दर्शन–पूजन कर रहे हैं। कई स्थानों पर आज सुन्दरकांड, हनुमान चालिसा और श्रीराम चरित मानस पाठ के आयोजन की तैयारी चल रही है। पीलीभीत में हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा के आयोजन की तैयारी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री और प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक को पद्म विभूषण मिलने पर बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में श्री योगी ने कहा है कि श्री नाइक ने सार्वजनिक जीवन में शुचिता, ईमानदारी और सादगी के उत्कृष्ट प्रतिमान स्थापित किये हैं।

**********